

पंत ने 15वीं बार बनाया 50 से ज्यादा रन

रिषभ पंत ने बतौर भारतीय विकेटकीपर इंटरनेशनल क्रिकेट में 15वीं बार 50 या उससे ज्यादा रन की पारी खेलने का कमाल किया। उन्होंने किरमानी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 14 बार ऐसा किया था। पंत इस मामले में चौथे नंबर पर आ गए जबकि किरमानी पांचवें नंबर पर खिसक गए।

## रिषभ पंत ने अर्धशतक ठोककर लगा की रिकार्ड्स की भरमार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर–बल्लेबाज रिषभ पंत ने केपटाउन टेस्ट मैच की दूसरी पारी में लंच तक 51 रन बना लिए थे और क्रीज पर टिके हुए थे। उन्होंने अपना अर्धशतक दूसरी पारी में 58 गेंदों पर पूरा किया और अपनी इस अध्‍शितकीय पारी के दम पर उन्होंने कई रिकार्ड्स अपने नाम कर लिए। रिषभ पंत ने बतौर भारतीय विकेटकीपर विदेशी धरती पर 6ठी बार 50 रन से ज्यादा की पारी खेली और सैयद किरमानी का रिकार्ड तोड़ा जिन्होंने 5 बार ऐसा किया था। विदेशी धरती पर बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 50 प्लस की पारी भारत के लिए खेलने वाले बल्लेबाज एम एस धौनी थे जिन्होंने 19 बार ऐसा किया था। रिषभ पंत भारत के तीसरे विकेटकीपर बने जिन्होंने इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में 50 रन से ज्यादा की पारी खेली है। रिषभ पंत से पहले भारतीय विकेटकीपर किरण मोरे व महेंद्र सिंह धौनी ये कमाल इन तीनों देशों में कर चुके हैं।

# भारत की दूसरी पारी, रिषभ पंत ने लगाया अर्धशतक

क्रिकेट

## भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केपटाउन में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहली पारी में 223 रन बनाए थे जिसके जवाब में मेजबान टीम पहली पारी में 210 रन पर आल आउट हो गई और टीम इंडिया को 13 रन की बढ़त मिली। इसके बाद मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दो विकेट के नुकसान पर 57 रन बना लिए थे और मेहमान टीम की कुल बढ़त 70 रन की हो गई थी। मैच के तीसरे दिन भारतीय टीम ने खबरे लिखे जाने तक 4 विकेट के नुकसान पर 136 रन बना लिए हैं। बढ़त 149 रनों की हो गई है। कोहली और पंत क्रीज पर।

भारतीय ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल और मयंक अग्रवाल ने पहली पारी की तरह से दूसरी पारी में भी अपनी बल्लेबाजी से निराश किया। राहुल जहां जानसेन की गेंद पर 10 रन बनाकर तो वहीं मयंक रबादा की गेंद पर 7 रन बनाकर आउट हो गए। पुजारा ने सिर्फ 7 रन पर जानसेन की गेंद पर पीटरसन को अपना कैच थमा दिया। रहाणे ने भी दूसरी पारी में निराश किया और सिर्फ एक रन पर रबादा की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हुए।



**भारत व साउथ अफ्रीका की पहली पारी:** भारतीय टीम ने पहली पारी में 223 रन बनाने में सफलता हासिल की। प्रोटियाज गेंदबाजों की आग उगलती गेंद से सामने ज्यादातर भारतीय बल्लेबाजों ने सरेंडर कर दिया था। हालांकि कप्तान कोहली ने शानदार अंदाज में बल्लेबाजी की और टीम के लिए अहम 79 रन बनाए तो वहीं पुजारा ने 43 रन का योगदान दिया। टीम के अन्य बल्लेबाजों में राहुल ने 12 रन, मयंक ने 15 रन, रहाणे ने 9 रन, पंत ने 27 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से पहली पारी में रबादा ने चार विकेट जबकि जानसेन ने तीन सफलता अर्जित की।

पहली पारी में एक तरफ जहां भारतीय बल्लेबाज साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने ज्यादा कुछ नहीं कर पाए तो दूसरी तरफ मेजबान टीम की हालत भी भारतीय गेंदबाजों ने खराब कर दी। हालांकि कीगन पीटरसन ने 72 रन की अच्छी पारी जरूर खेली, लेकिन कप्तान एल्गर इस पारी में 3 रन पर ही निपट गए। केशव महाराज ने 25 रन, वान डेर डुसेन ने 21 रन जबकि तेंबा बावुमा ने 28 रन का योगदान टीम के लिए दिया। भारत की तरफ से पहली पारी में सबसे सफल गेंदबाज बुमराह रहे जिन्होंने 5 विकेट झटके तो वहीं उमेश यादव व शामी ने दो–दो जबकि शार्दुल ठाकुर को एक सफलता मिली।

# डेल स्टेन ने टेस्ट क्रिकेट में फ्री हिट लाने का दिया सुझाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने टेस्ट क्रिकेट में फ्री हिट नियम को शुरू करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे पुछल्ले बल्लेबाजों को लंबे ओवरों में बचने से मदद मिलेगी जिसमें गेंदबाज श्नो बालश फेंकते हैं। सीमित ओवर के क्रिकेट में अगर गेंदबाज पैर की गलती से नो बालश डालता है तो बल्लेबाजी कर रही टीम को फ्री हिट दिया जाता है।

स्टेन ने ट्वीट किया, टेस्ट क्रिकेट में नो बॉल के लिए फ्री हिट। आप क्या सोचते हो? इससे निश्चित रूप से गेंदबाजों को (बल्लेबाजी करते हुए) उन सात–आठ गेंद तक हुए और



कभी कभी नौ गेंद के ओवर में बचे रहने में मदद मिलेगी।

स्टेन ने कहा, पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए शीर्ष स्तरीय खतरनाक तेज गेंदबाज की छह गेंद का सामना करना ही काफी होता है। स्टेन की यह प्रतिक्रिया भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अंतिम टेस्ट के दौरान आई। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी प्रशंसा की जिन्होंने पांच विकेट झटके। स्टेन ने कहा, इस पर चर्चा करना दिलचस्प होगा। यहां गंभीर टेस्ट मैच हो रहा है, जिसमें बुमराह ने पांच विकेट चटकाकर अच्छी गेंदबाजी की। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही टेस्ट सीरीज में दोनों तरफ से बहुत सारी नो–बाल फेंकी गई हैं। विशेषज्ञ सोच रहे है कि क्या टेलेंडर के खिलाफ जानबूझकर नो बाल फेंकी जा रही? बता दें कि सीरीज का तीसरा और निर्णायक टेस्ट मैच केपटाउन में खेला जा रहा है। पहली पारी में टीम इंडिया 223 रनों पर आल आउट हो गई। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 210 रनों पर आल आउट हो गई। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। वहीं दूसरी पारी में तीसरे दिन लंच तक टीम इंडिया ने 4 विकेट पर 130रन बना लिए थे।

## क्रिकेट में क्या होता है डेंजर एरिया, जिसपर अंपायर से भिड़ गए कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केपटाउन। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच फाइनल टेस्ट का आज तीसरा दिन खेला जाएगा। मैच के दूसरे दिन यानी बुधवार को टीम इंडिया का जलवा रहा। मैदान पर भारतीय पेसर्स की गेंदें आग उगल रही थी। इस बीच कप्तान कोहली, अंपायर इरासमस से मोहम्मद शमी को भिड़ गए। दरअसल, शमी को अंपायर ने डेंजर एरिया में जाने पर वॉर्निंग दी थी। ऐसे में आइए समझते हैं पिच पर कहां होता है ये डेंजर एरिया, वहां क्यों दौड़ा नहीं जा सकता। क्या नियम तोड़ने पर कोई जुर्माना भी लगता है? पिच पर विकेट के ठीक सामने वाले हिस्से को डेंजर एरिया कहते हैं। बल्लेबाजी के लिए ये एरिया काफी अहम होता है। क्रीज की तरह इसे पेंट करके मार्क नहीं किया जाता। दरअसल, यह विकेट के बीच में एक काल्पनिक आयत की आकारनुमा हिस्सा होता है। नियमों के मुताबिक, कोई भी बोलर अपने फॉलो–थ्रू में वहां लैंड नहीं कर सकता।

## न्यूज डायरी



### अजिंक्य रहाणे को टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सिंगल डिजिट पर आउट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के लिए साउथ अफ्रीका दौरा बतौर बल्लेबाज ज्यादा सफल नहीं रहा। उन्होंने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में अपनी बल्लेबाजी से निराश किया और ज्यादातर मौके पर रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। रहाणे के अनुभव और विदेशी धरती पर उनके प्रदर्शन की वजह से उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता रहा, लेकिन वो अपने इन मौकों को भुनाने में सफल नहीं रहे। इस टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच की दोनों पारियों में तो वो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए और कगिसो रबादा की गेंद पर अपना विकेट गंवाया। अजिंक्य रहाणे ने केपटाउन टेस्ट मैच की पहली पारी में 9 और दूसरी पारी में एक रन बनाया और रबादा ने उन्हें अपना शिकार बनाया। टेस्ट क्रिकेट में रहाणे के साथ साल 2015 के बाद यानी छह साल के बाद ऐसा हुआ जब किसी गेंदबाज ने उन्हें सिंगर डिजिट पर दोनों पारियों में आउट करने में सफलता हासिल की।

### श्रीलंकाई खिलाड़ी भनुका राजपक्षे का कुछ ही दिनों में बदला मन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के बाएं हाथ के बल्लेबाज भानुका राजपक्षे संन्यास वापस ले लिया है। श्रीलंका क्रिकेट (स्ल) ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। भानुका ने 3 जनवरी, 2022 को तत्काल प्रभाव से संन्यास लेने की घोषणा की थी। बोर्ड ने आधिकारिक बयान में कहा कि युवा और खेल मंत्री नमल राजपक्षे के साथ बैठक और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के साथ परामर्श के बाद भानुका राजपक्षे ने एसएलसी को सूचित किया है कि वह अपना संन्यास वापस लेना चाहते हैं, जो उन्होंने 3 जनवरी 2022 को एसएलसी को तत्काल प्रभाव से दिया था। बयान में आगे कहा गया कि एसएलसी को अपना संन्यास वापस लेने के पत्र में कहा कि वह आने वाले वर्षों में अपने देश का प्रतिनिधित्व उस खेल में करना चाहते हैं जिसे वह प्यार करते हैं। राजपक्षे ने अब तक श्रीलंका के लिए 5 वनडे और 18 टी20 मैच खेले हैं। वनडे में उन्होंने 89 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 65 है। जबकि सबसे छोटे प्रारूप में उन्होंने 320 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 77 रन है।

### कोहली की विराट पारी देख गदगद हुए यार एबी डिविलियर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केपटाउन। साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स और टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान विराट कोहली की यारी किसी से छिपी नहीं है। वे इंडियन प्रीमियर लीग में एक टीम के लिए लंबे समय तक खेले। उनका दोस्ताना जग जाहिर है। वे अक्सर एक–दूसरे की तारीफ करते देखे जा सकते हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट की पहली पारी में हाफ सेंचुरी जड़ने के बाद जब विराट दूसरी पारी में भी मैदान पर डट गए तो एबी डिविलियर्स अपने यार की तारीफ करने से नहीं रोक सके। उन्होंने सीरीज का रोमांचक पल बताते हुए कहा कि विराट कोहली महत्वपूर्ण हैं। डिविलियर्स ने ट्वीट में लिखा– यहां एक शानदार सीरीज का शानदार चरमोत्कर्ष है। देखने में प्यारा...। कोहली महत्वपूर्ण हैं।

### यूएई नहीं साउथ अफ्रीका में होगा आईपीएल 2022!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम फिलहाल साउथ अफ्रीकी दौरे पर है। टेस्ट के बाद वहां तीन मैच की वनडे सीरीज भी खेली जानी है। टूर के बाद जब सारे टॉप क्रिकेटर्स स्वदेश लौटेंगे तो शायद भारत में कोरोना की तीसरी लहर अपने शबाब पर होगी। इन सारे हालातों पर बीसीसीआई की भी पैनी नजर है। ऐसे में आईपीएल 2022 को लेकर प्लान बी पर भी काम किया जा रहा है। खबर है कि इस बार यूएई की जगह साउथ अफ्रीका या श्रीलंका में टूर्नामेंट हो सकता है। आईपीएल 2022 यानी 15वां सीजन कई मायनों में खास होने वाला है। टीमों की संख्या 8 से बढ़कर 10 हो चुकी है। बहुत से खिलाड़ी नई टीम से खेलते नजर आएंगे क्योंकि इस बार मेगा ऑक्शन होगा।